प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 08.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ के बस्तर और महाराष्ट्र के चंद्रपुर में जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

2- लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य में रेस हुए राजनीतिक दल, चुनावी रणनीति बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी, क्षेत्र में सक्रिय हुए उम्मीदवार ।

3- एनसीईआरटी ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन में कानूनी कार्यवाही की दी चेतावनी, लोगों से पायरेटेड पाठ्यपुस्तकों का उपयोग न करने का किया आग्रह ।

4- राजधानी रांची में नशे के कारोबार पर पुलिस का कसा शिकंजा, ब्राउन शुगर के साथ एक महिला समेत 7 तस्कर गिरफ्तार।

***********************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ के बस्तर और महाराष्ट्र के चंद्रपुर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी बस्तर के भानपुरी में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। पहले चरण के अंतर्गत बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। प्रधानमंत्री का आज शाम महाराष्ट्र में चन्द्रपुर और गढ़चिरौली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार का कार्यक्रम है।

***********************

लोकसभा चुनाव में अपने–अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित कराने को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। चुनावी रणनीति बनाने को लेकर बैठकों का दौर जारी है। वहीं जिन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान हो चुका है वे अपने संसदीय क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में दुमका लोकसभा अंतर्गत जामताड़ा जिले में अपनी बढ़त और जीत सुनिश्चित करने को लेकर विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवारों, नेताओं, समर्थकों द्वारा चुनावी रणनीति बनाने को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। दुमका लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के प्रत्याशी नलिन सोरेन के साथ स्टीफन मरांडी, मंत्री बसंत सोरेन सहित अन्य वरीय नेताओं ने कल जामताड़ा के दुमका रोड जिला पार्टी कार्यालय में बैठक की । इस दौरान चुनावी रणनीति पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जीत का दावा किया। इधर सिंहभूम सीट से भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से समर्थन देने की अपील की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलामू सीट से पार्टी के उम्मीदवार बीडी राम के पक्ष में वोट के लिए हैदरनगर और छतरपुर में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया ।

***********************

टाटा स्टील यूआईएसएल और जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने बिष्टुपुर स्थित एक होटल में राज्य का पहला बायोगैस बेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया है।

***********************

देवघर जिले के खागा थाना क्षेत्र में मवेशियों से लदा कंटेनर पलटने से तीस से अधिक मवेशियों की मौत हो गई। मिश्राडीह–बीरमाटी–चितरा मुख्य पथ के पास यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गश्ती दल को देखते ही तेज गति से भाग रहे वाहन चालक ने संतुलन खो दिया जिससे कंटेनर पलट गया। सुबह पुलिस ने दो जेसीबी मंगवाकर कंटेनर सील को कटवाया। इस मामले में बिहार के तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन मवेशियों को बांग्लादेश में तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद– एनसीईआरटी ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन मामले में चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था कॉपीराइट अनुमति के बिना एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। एनसीईआरटी ने लोगों से ऐसी पाठ्यपुस्तकों या कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग न करने का आग्रह किया है।

**********************

राजधानी रांची में नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने सात तस्करों को गिरफ्तार किया है।जगरनाथपुर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सुखदेव नगर थाना पुलिस ने भी ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया । इधर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन सिन्हा के संयुक्त नेतृत्व में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया गया। कल देर रात निरीक्षण के दौरान अलग–अलग 16 टीम बनाकर सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल तथा अस्पताल की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इस दौरान केंद्रीय कारा के जेलर और जेल सुपरीटेंडेंट उपस्थित रहे, जिनसे उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय कारा की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अस्पताल की व्यवस्था, रसोई घर तथा कैदियों से मुलाकाती की व्यवस्था की जानकारी ली।

**********************

चैती छठ पर्व को लेकर जमशेदपुर में सामाजिक संस्था समर्पण फाउंडेशन और बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दूसरे चरण में बागबेडा बडौदा घाट स्थित खरकाई नदी के समीप छठ घाटो की साफ सफाई की गई। कचरो के ढेर को हटाकर ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव किया गया। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। तीसरे चरण में भी नदी और आसपास कचरे की साफ सफाई कर नदी को स्वच्छ बनाया जाएगा।

**********************

आज साल का पहला और पिछले पांच दशकों का सबसे लंबा सूर्यग्रहण लगेगा। उत्तरी अमरीका में एक दुर्लभ खगोलीय घटना में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा जा सकेगा। इसे प्रशांत महासागर से लेकर मैक्सिको, अमेरीका और

कनाडा में देखा जा सकेगा। भारतीय समय के अनुसार सूर्य ग्रहण रात 9 बजकर 12 मिनट पर शुरु होकर तड़के 2 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगा। हालांकि लोग इस खगोलीय घटना को भारत में नहीं देख सकेंगे। सूर्य ग्रहण मैक्सिको, अमरीका और कनाडा के बीच एक सौ 85 किलोमीटर के दायरे में देखा जा सकेगा।

- ***********************

- सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में मारकोंडो बानरा हत्या कांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
- सरायकेला–खरसावां जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र में चोरों ने तीसरी बार एचटी इंग्लिश स्कूल का ताला तोडकर चोरी का प्रयास किया।

********समाप्त**************